आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.05 भुक्रवार दिनांक 15.03.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा।

2– राज्य सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की।

3– राज्य के कर्मचारियों की समस्याओं की समीक्षा और निराकरण के लिए बनाई गई समिति।

4– भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चार शहरों के लिए दो सौ चालीस सिटी बसों के संचालन की मंजूरी दी।

**निर्वाचन आयोग–कार्यक्रम घोषणा**

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष सोलह जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष दो हजार उन्नीस में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा दस मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे।

**चुनाव आयुक्त–कार्यभार**

नवनियुक्त चुनाव आयुक्त – ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ऐसे समय में इनका आयोग में शामिल होना महत्वपूर्ण है जब निर्वाचन आयोग, इसी वर्ष विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव संचालन के लिये तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने श्री कुमार और श्री संधू को कल चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था।

**मुख्यमंत्री–पत्रकारवार्ता**

राज्य सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शाम मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि राज्य शासन के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अब बयालीस से बढ़कर छियालीस प्रतिशत हो जाएगा। वहीं, राज्य के पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। यह बढ़ोत्तरी इस साल एक मार्च से लागू हो जाएगी। इसके अलावा राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किस्त का भुगतान भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं की समीक्षा के लिए प्रमुख सचिव पंचायत और ग्रामीण विकास निहारिका बारिक की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है। यह समिति इन समस्याओं के निराकरण के बारे में अपना सुझाव शासन को देगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा की गई पचपन दिनों की हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश में समायोजित करते हुए उन्हें इस अवधि का वेतन भुगतान किया जाएगा।

**स्वास्थ्यकर्मी–वेतन**

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के बर्खास्त पांच हजार कर्मियों को बहाल कर दिया गया है। वहीं, लगभग पच्चीस हजार कर्मियों का रूका हुआ वेतन भी जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी इक्कीस अगस्त दो हजार तेईस से बारह सितम्बर दो हजार तेईस तक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। हड़ताल के दौरान कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें बर्खास्त कर वेतन अस्वीकृत कर दिया गया था। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर बर्खास्त कर्मियों को बहाल करने तथा रूका हुआ वेतन जारी करने का आग्रह किया था। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस संबंध में अधिकारियों को समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिए थे, जिसके

बाद बर्खास्त पांच हजार कर्मचारियों को वापस सेवा में ले लिया गया है। साथ ही पच्चीस हजार कर्मचारियों का आंदोलन के दौरान रूका हुआ वेतन भी स्वीकृत कर दिया गया है। हालांकि आंदोलन के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के दो हजार कर्मचारियों का रूका हुआ वेतन देने का आदेश जारी नहीं किया गया है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने इन कर्मियों का भी वेतन जारी करने का आग्रह स्वास्थ्य मंत्री से किया है।

**पेट्रोल / डीजल–कीमत**

देश में पेट्रोल और डीजल दो रुपये प्रति लीटर सस्ता हो गया है। नई दरें आज सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं की व्यय क्षमता बढ़ेगी तथा डीजल से चलने वाले अंठावन लाख भारी वाहन, छह करोड़ कारें और सत्ताईस करोड़ दोपहिया वाहनों का परिचालन व्यय कम होगा।

**ई–बस सेवा**

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री ई–बस सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चार शहरों के लिए दो सौ चालीस सिटी बसों के संचालन की मंजूरी दे दी है। इसके तहत रायपुर, दुर्ग–भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। रायपुर में सौ, दुर्ग–भिलाई और बिलासपुर में पचास–पचास और कोरबा में चालीस ई–बसों को चलाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत होने से शहरी परिवहन में क्रांति आएगी। उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि इन बसों के शुरू होने से प्रदूषण में कमी आएगी। साथ ही ऊर्जा की भी बचत होगी।

**त्रिनयन ऐप**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गये दो ऐप को लांच किया। इनमें आईओ मितान मोबाइल ऐप और दुर्ग पुलिस रेंज द्वारा तैयार त्रिनयन एप शामिल हैं। आईओ मितान मोबाइल ऐप के माध्यम से जहां अधिकारियों को किसी मामले की विवेचना में मदद मिलेगी। वहीं, त्रिनयन एप के माध्यम से सौ किमी तक के दायरे के सभी सीसीटीवी कैमरे के लोकेशन ट्रेस किए जा सकेंगे। इससे अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी।

**राज्यपाल–दीक्षांत समारोह**

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित एमिटी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने बाईस मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, सोलह को रजत और पांच को कांस्य पदक प्रदान किए। इस दौरान वर्ष दो हजार तेईस बैच के छह सौ इक्यासी विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां वितरित की गई। विश्वविद्यालय द्वारा डीएआरई के सचिव और कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग नई दिल्ली के महानिदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने की।

**'छत्तीसगढ़ विजन 2047'–परिचर्चा**

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आज रायपुर में 'छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन आवास और पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने किया। पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास के लिए अगले पच्चीस वर्षों के रोडमेप के संबंध में चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि हमें बदलते समय को समझते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए खुद को भी बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के लिए अमृतकाल विजन डॉक्यूमेंट–दो हजार सैंतालीस तैयार कर रही है, जिसे छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस एक नवंबर को लांच किया जाएगा।

श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के साथ ही सर्विस सेक्टर में ग्रोथ लाने की आवश्यकता है और अगले पांच साल में इसे बढ़ाने के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल के भीतर नवा रायपुर इनोवेशन तथा आईटी हब के रूप के जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत ही जल्द कोर सेक्टर और सर्विस सेक्टर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी शुरू की जाएगी।

## सैनिक विश्राम गृह–उद्घाटन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक के पास नवनिर्मित सैनिक विश्राम गृह भवन का उद्घाटन किया। इस भवन का निर्माण एक करोड़ चार लाख रूपए की लागत से किया गया है। भवन में सैनिक परिवारों के लिए विश्राम कक्ष, सामुदायिक हॉल के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले तीन वीर शहीदों – हवलदार नवीन कुमार, नायक मोतीराम और सिपाही मनीष कुमार के परिजनों को राज्य शासन की ओर से अनुग्रह राशि के रूप में बीस–बीस लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

## मुख्यमंत्री–विकसित छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल मोहला–मानपुर–अम्बागढ़ चौकी जिले के मोहला में आयोजित 'विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लगभग सैंतालीस करोड़ रूपए के एक सौ पन्द्रह विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने मोहला में सामुदायिक भवन के लिए पचास लाख रूपए देने और मानपुर में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण की भी घोषणा की।

## शारीरिक शिक्षा

राज्य के स्कूलों में आने वाले शैक्षणिक सत्र से शारीरिक शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया जाएगा। यह घोषणा शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कल रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए की। श्री अग्रवाल ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से स्कूल में पहला पीरियड योग, व्यायाम, नैतिक शिक्षा का होगा। वहीं, प्रत्येक शनिवार को अंतिम पीरियड खेल कूद का रहेगा।

## आरएसएस–बैठक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक आज से नागपुर में शुरू हो गई है। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने किया। बैठक में छत्तीसगढ़ सहित पैंतालीस प्रांतों के डेढ़ हजार से अधिक स्वयंसेवक शामिल हो रहे हैं।

## अग्निवीर भर्ती

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आनलाईन पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि बाईस मार्च निर्धारित है। इसके तहत साढ़े सत्रह से इक्कीस वर्ष की आयु वर्ग के इच्छुक आवेदक अग्निवीर जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन आदि पदो पर भर्ती के लिए आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **रायपुर स्थित रीजनल साईंस सेंटर के उद्देश्य और महत्व पर महानिदेशक एस.एस. बजाज** से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सोलह मार्च को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

– राज्य सरकार ने रामनवमी 17 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। इस दिन सरकारी दफ्तरों के साथ ही बैंक भी बंद रहेंगे।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा जारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू–अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू–अभिलेख और जनपद पंचायत के सीईओ के तबादला आदेश को निरस्त कर दिया है।

– प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण की अंतिम तिथि तीस अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

– प्रदेश के उप पंजीयक कार्यालय इस माह कल सोलह मार्च से शासकीय अवकाश शनिवार और रविवार को भी खुले रहेंगे।